कार्यालय रक्षा लेखा प्रधान नियंत्रक (मध्य कमान), करियप्पा मार्ग, लखनऊ छावनी -226002
कार्यालय दूरभाष सं0-0522-2451547 कार्यालय फैक्स सं0-0522-2451993

महत्वपूर्ण परिपत्र

सं./प्रशा/III/337/एमएलएस दिनांक- 13/09/2018

सेवा मे

र. ले. प्र. नि. (म.क.) लखनऊ के अधीन सभी उप कार्यालय ।

विषय:- अवकाश नियमितीकरण के संबंध में ।

प्रायः यह देखा गया है कि उप कार्यालयों द्वारा विभिन्न प्रकार के अवकाशों (अर्जित अवकाश, अर्ध वेतन अवकाश, परावर्तित अवकाश, आसधारण अवकाश, शिशु देखभाल अवकाश, विशिष्ट आकस्मिक अवकाश) की स्वीकृति हेतु संबन्धित अधिकारियों/कर्मचारियों के प्रार्थना पत्र बिना कार्यालय टिप्पणी एवं कार्यालय प्रभारी की संस्तुति के ही मुख्य कार्यालय को अग्रेषित किए जाते है तथा असाधारण अवकाश के मामलों में Statement of Case भी संलग्न नहीं किया जाता है।

अतः आपको निर्देशित किया जाता है कि भविष्य में किसी भी प्रकार के अवकाश की स्वीकृति हेतु प्रेषित पत्रों के साथ कार्यालय प्रभारी की संस्तुति सहित कार्यालय टिप्पणी की प्रति भी प्रेषित करना सुनिश्चित करें।

उप नियंत्रक (प्रशा) द्वारा अवलोकित ।

लेखा अधिकारी (प्रशा-III)